Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up laboratories in every district to test the new variant of coronavirus, Omicron.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक अत्यन्त ही लोक महत्व के महत्वपूर्ण विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ।... (व्यवधान) कोरोना की वैश्विक चुनौती से केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया जूझ रही थी और हमने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में कोविड की चुनौतियों का सामना किया और साथ ही साथ लोगों की जान और जहान को बचाने का भी काम किया।... (व्यवधान)

माननीय सभापति: प्लीज, आप सीधे विषय पर आइए।

... (व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल : मैं कहना चाहता हूँ कि आज फिर से एक नया वेरिएंट, जो पूरी दुनिया के सामने खतरा बन चुका है, वह ओमीक्रोन है। उस ओमीक्रोन के खतरे से अभी भारत अछूता है।... (व्यवधान) भारत ने 1 दिसम्बर से एक मेडिकल प्रोटोकॉल की गाइडलाइन को जारी किया है कि 12 कंट्रीज़ से आने वाले लोगों का आर.टी.पी.सी.आर. होगा और नेगेटिव आने के बावजूद भी उन्हें 7 दिन के लिए होम क्वारंटीन रहना होगा।... (व्यवधान) इसमें निश्चित तौर से राज्य सरकारों को भी सहयोग करना होगा कि कहीं इसके विरुद्ध जागरुकता के लिए चुनौती खत्म ना हो जाए। जिस तरीके से इसमें 30 म्यूटेशन्स हो रहे हैं और स्पाइक प्रोटीन को लेकर इसके जीनोम के डाटाबेस बनाने की बात हो रही है तो यह एक बहुत महत्वपूर्ण विषय है। मैं एक आखिरी लाइन कहना चाहता हूँ कि हर जिले में टेस्ट होंगे, टेस्ट लैब्स होंगी, हर तहसील में होंगी।... (व्यवधान)